भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1006

24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

असम में आयुष स्वास्थ्य देखरेख अवसंरचना

1006. मोहम्मद रकीबुल हुसैन:

क्या आयु ष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने असम राज्य में, विशेषकर ग्रामीण, चार, चाय बागान और बाढ़-संभावित क्षेत्रों में आयुष स्वास्थ्य देखरेख अवसंरचना की पर्याप्तता का आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) असम में आज की तिथि तक स्वीकृत किए गए, स्थापित किए गए और कार्यशील किए गए आयुष अस्पतालों, औषधालयों और आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) का ज़िले-वार ब्यौरा क्या है साथ ही, अकार्यशील या आंशिक रूप से कार्यशील संस्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) असम में आयुष डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, नर्सों और अन्य पराचिकित्सा स्टाफ के लिए स्वीकृत पदों की श्रेणी-वार और ज़िले-वार कुल संख्या कितनी है और ऐसे कितने पद हैं जो एक वर्ष से अधिक समय से रिक्त पड़े हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, असम राज्य में विशेष रूप से ग्रामीण, चार, चाय बागान और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आयुष स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की स्थापना/कार्यात्मकता और आयुष स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना की पर्याप्तता का आकलन करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, असम में कार्यशील आयुष अस्पतालों, औषधालयों और आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के रूप में नामित किया गया है और जिन्हें राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत भी समर्थन दिया गया है, का जिला-वार विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, असम में आयुष डाक्टरों, फार्मासिस्टों, नर्सों और अन्य पराचिकित्सा स्टाफ के पदों को संस्वीकृत करने और एक वर्ष से अधिक समय से रिक्त पड़े ऐसे पदों की श्रेणी-वार और जिला-वार संख्या के आंकड़े रखने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। केन्द्रीय स्तर पर ऐसे कोई आंकड़े नहीं रखे जा रहे हैं।

*****

संलग्नक

असम में कार्यशील आयुष अस्पतालों, औषधालयों, एएएम (आयुष) और सह-स्थापित आयुष सुविधाओं का जिला-वार विवरण

क्र.सं.	जिला	आयुष अस्पताल	औषधालय	एएएम (आयुष)	सह-स्थापित आयुष सुविधाएं
1	बक्सा	0	5	23	23
2	बजाली	0	0	0	0
3	बारपेटा	1	2	7	30
4	बिश्वनाथ	0	2	54	6
5	बोंगईगांव	0	2	13	15
6	कछार	1	4	32	12
7	चराईदेव	0	2	15	3
8	चिरांग	0	1	22	13
9	दरांग	0	3	5	12
10	धेमाजी	0	2	4	7
11	धुबरी	0	1	19	30
12	डिब्रूगढ़	0	7	4	15
13	दीमा हसाओ	0	1	13	8
14	गोलपाड़ा	1	1	4	25
15	गोलाघाट	0	5	19	15
16	हैलाकांडी	0	0	11	7
17	होजाई	0	2	20	9
18	जोरहाट	0	4	0	17
19	कामरूप	0	9	3	62
20	कामरूप महानगर	0	1	9	48
21	कार्बी आंगलोंग	0	3	13	8
22	श्रीभूमि	0	2	14	17
23	कोकराझार	0	3	36	40
24	लखीमपुर	0	4	20	17
25	माजुली	1	1	0	5
26	मारीगांव	0	2	20	17
27	नगांव	0	7	31	40
28	नलबाड़ी	1	2	12	35
29	शिवसागर	0	4	31	11
30	सोनितपुर	0	6	16	13
31	दक्षिण सलमारा-मनकाचर	0	1	1	11
32	तामुलपुर	0			16
33	तिनसुकिया	0	5	16	6
34	उदलगुड़ी	0	3	9	21
35	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	0	1	4	5
कुल		**5**	**98**	**500**	**619**